ई-ऑक्शन के माध्यम से छत्तीसगढ़ में ग्रेफाईट ब्लॉक का सफल आवंटन

चर्चा में क्यों

31 मार्च, 2023 को छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ खनिज साधन विभाग द्वारा बलरामपुर ज़िला स्थित केनापारा ग्रेफाईट ब्लॉक को ई-नीलामी के माध्यम से कंपोजिट लाइसेंस के रूप में सफल आवंटन किया गया।

प्रमुख बिंदु

- छत्तीसगढ़ खनिज साधन विभाग द्वारा केनापारा ग्रेफाईट ब्लॉक को ई-नीलामी के माध्यम से कंपोजिट लाइसेंस के रूप में आवंटन हेतु मेसर्स माँ कुदारगढ़ी स्टील्स प्रा. लि. द्वारा 111.00 प्रतिशत की अधिकतम बोली (फाइनल प्राईस ऑफर) लगाई गई। उक्त ब्लॉक को जीएसआई द्वारा जी-4 लेवल पर अन्वेषण किया गया था।
- संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म जयप्रकाश मौर्य के निर्देशन में एमएसटीसी पोर्टल में 29 मार्च, 2023 को संचालित ई-नीलामी में कुल 670 बोली लगाई गई जिसमें मेसर्स माँ कुदारगदी स्टील्स प्रा. लि. द्वारा 111.00 प्रतिशत अधिकतम बोली लगाई गई।
- गौरतलब है कि राज्य द्वारा प्रथम बार ग्रेफाइट ब्लॉक की सफलतापूर्वक ई-नीलामी की गई है। इसके पहले देश में केवल ओड़िशा एवं मध्य प्रदेश द्वारा ही ग्रेफाइट ब्लॉक का आवंटन ई-नीलामी के माध्यम से किया गया है।
- ग्रेफाइट रिफेक्ट्री, बैटरी, ल्युब्रिकेंट, क्रुसीबुल निर्माण हेतु महत्त्वपूर्ण खनिज है। वर्तमान में इसके ओडिशा एवं झारखंड में ही प्रमुख खानें हैं।
- संयुक्त संचालक एवं इंचार्ज ऑक्शन अनुराग दीवान ने बताया कि ई-नीलामी पद्धति से खानों का आवंटन पारदर्शिता एवं राज्य शासन को राजस्व में भागीदारी के उद्देश्य से अत्यंत महत्त्वपूर्ण व्यवस्था है।
- छत्तीसगढ़ खनिज विभाग द्वारा अब तक इस प्रकार से चूना-पत्थर, बाक्साईट, लौह अयस्क, स्वर्णधातु एवं निकिल, क्रोमियम एवं पीजीई तथा ग्रेफाइट के कुल 28 खनिज ब्लॉकों का सफलतापूर्वक आवंटन किया जा चुका है जिनसे आने वाले वर्षों में रायल्टी, डीएमएफ, पर्यावरण एवं अधोसंरचना उपकर के अतिरिक्त लगभग 81 हज़ार करोड़ की अतिरिक्त आय राज्य शासन को होगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/successful-allotment-of-graphite-block-in-chhattisgarh-through-e-auction